पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ में 'एक स्वर–एक संविधान' कार्यक्रम का भव्य आयोजन

जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह की अध्यक्षता में राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में हजारों छात्र–छात्राओं ने एक स्वर में किया संविधान की प्रस्तावना का पाठ

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव श्रीमती मनु कालिया व न्यायिक अधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

युवा पीढ़ी में संवैधानिक मूल्यों, नागरिक कर्तव्यों तथा न्याय, स्वतंत्रता, समता व बंधुता के आदर्शों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की सार्थक पहल

लखनऊ : 26 नवम्बर, 2026

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष के दिशा–निर्देशानुसार 'संविधान संवाद अभियान' के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में गुरुवार को संविधान दिवस के अवसर पर प्रातः 09:00 बजे सुभाष मार्ग (निकट सिटी स्टेशन) स्थित राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज के प्रांगण में 'एक स्वर–एक संविधान' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की सचिव श्रीमती सोनाली पूनिया ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 3300 छात्र–छात्राओं को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक स्वर में संविधान की प्रस्तावना का पाठ करते हुए संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता एवं बंधुता के आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में संवैधानिक मूल्यों, नागरिक कर्तव्यों तथा संविधान के प्रति सम्मान एवं जागरूकता की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव श्रीमती मनु कालिया की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने विद्यार्थियों का

उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर लखनऊ जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती सोनाली पूनिया के पर्यवेक्षण में जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडेय तथा राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुमित श्रीवास्तव का सराहनीय योगदान रहा। उनके द्वारा कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं एवं समन्वय को सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रयास किए गए, जिसके फलस्वरूप कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 'एक स्वर–एक संविधान' कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं युवाओं के मध्य संवैधानिक चेतना, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना जागृत करने की दिशा में एक सार्थक एवं प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ।

सम्पर्क सूत्र– अमरेश कुमार

राम यतन/03:45 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in